website : www.grpgcrampur.com

E-mail : grpg.rmp@gmail.com

# न्यूज़ बुलेटिन

सत्र 2022–23 | अंक : 6 | 01 जनवरी – 30 जून 2023

## राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर, उ०प्र०

स्थापना वर्ष:1949

(सम्बद्ध: महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली, उ.प्र.)

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक)द्वारा (तृतीय चक्र) 'बी' ग्रेड प्रदत्त

### प्राचार्य की कलम से...



मेरे लिये यह प्रसन्नता का विषय है कि हमारा महाविद्यालय अर्द्धवार्षिक पत्रिका 'न्यूज बुलेटिन' के (01 जनवरी से 30 जून 2023) 06 अंक का प्रकाशन कर रहा है। किसी भी संस्था का 'न्यूज बुलेटिन' महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का दर्पण होता है। महाविद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ–साथ छात्र/छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक गतिविधियाँ वर्ष पर्यन्त चलती रहती है। इस न्यूज बुलेटिन के माध्यम से आप अवगत हो सकेंगे कि महाविद्यालय में एन.एन.एस., एन.सी.सी., रोवर–रेंजर्स, खेलकूद, युवा महोत्सव एवं विभिन्न कौशलों के विकास के लिये अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिसमें विद्यार्थी भाग लेते हैं और अपनी प्रतिभा को निखारते हैं।

मुझे विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी आगे चलकर प्रबुद्ध देशभक्त एवं विविध कौशलों से परिपूर्ण सभ्य नागरिक बनेंगे एवं समाज और देश के विकास में अपना यथासंभव सक्रिय योगदान देकर अपने जीवन को सफल बनायेंगें।

महाविद्यालय न्यूज बुलेटिन के मुख्य सम्पादक डॉ० अब्दुल लतीफ एवं सम्पादक मण्डल के समस्त सहयोगियों के प्रति मेरा साधुवाद, जिनके अथक परिश्रम से यह न्यूज बुलेटिन साकार रूप ले पाने में सफल हो सका है।

**प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल**
**प्राचार्य**



### गणतंत्र दिवस समारोह (26 जनवरी 2023)



दिनांक 26 जनवरी 2023 को राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में 74वाँ गणतंत्र दिवस समारोह पूरे हर्ष उल्लास से मनाया गया। प्रातः 10 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो०(डॉ०) दीपा अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया तत्पाश्चात् राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य ने संविधान संकल्प तथा मतदान की शपथ कराई। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा निदेशक एवं ज़िलाधिकारी महोदय रामपुर के सन्देश का पाठ भी किया गया। प्राचार्य महोदय ने अपने सबोधन में स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया एवं गणतंत्र की महत्ता पर प्रकाश डाला साथ ही एन.सी.सी कैडेट्स की परेड का अवलोकन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ० अरशद रिज़्वी ने किया।





26 Jan 2023 · 1:41 pm · 2.4k views

74वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर।* 74वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ दीपा अग्रवाल के द्वारा ध्वजारोहण से किया गया तत्पश्चात संविधान संकल्प तथा मतदान शपथ के साथ उच्च शिक्षा निदेशक एवं जिलाधिकारी महोदय रामपुर के संदेश का पाठ किया गया। प्राचार्य महोदया ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया एवं गणतंत्र की महत्ता पर प्रकाश डाला साथ ही एनसीसी कैडेट्स की परेड का अवलोकन किया।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस (दिनांक 25 जनवरी 2023)

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी एनएसएस एवं रोवर–रेंजर इकाइयों द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्य डाक्टर दीपा अग्रवाल द्वारा महाविद्यालय सभागार में प्राध्यापकों, एन.सी.सी. कैडेटों, एन.एस.एस. स्वयंसेवकों , रोवर–रेंजर एवं छात्र छात्राओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इसके बाद मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से जनमानस को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने स्लोगन, भाषण एवं नाटक प्रतियोगिता में भाग लिया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा जिला स्तर पर आयोजित किए गए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के सभागार में भी नाटक की प्रस्तुति दी गई। इन कार्यक्रमों के आयोजन में महाविद्यालय की एन.सी.सी., एन.एस.एस. एवं रोवर–रेंजर इकाइयों के अतिरिक्त छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया।

## संपादकीय



साथियों! महाविद्यालय न्यूज बुलेटिन का यह 06 अंक आप सभी के हाथों में सौंपते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। वस्तुतः इसमें जो भी संकलित है वह सब कुछ आप लोगों का ही अंश है। सत्र भर महाविद्यालय परिसर में होने वाली गतिविधियों को समाहित करने की एक छोटी सी कोशिश भर है। नवोदित लेखक–लेखिकाओं के रचनात्मक संसार को यह पत्रिका शब्दों, वर्णों की माला पिरोकर आप सबके सामने प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करती है।

साथियों! आज का इंसान निहायत आत्मकेन्द्रित, स्वार्थी और तत्काल लाभ के लिये लालायित जान पड़ता है। मेरे युवा साथियों! आत्मावलोकन करके अपने दोषों को पहचानों, उनका परिष्कार करो, सद्‌गुणों को विकसित करके और अपने प्रखर विवेक से प्रतिकूल परिस्थितियों को अनुकूल बनाये। मानवीय मूल्यों, संवेदनाओं और गारिमा से सज–सवँर कर श्रेष्ठ मानव बनों।

गत जनवरी 2023 से जून 2023 तक महाविद्यालय की गतिविधियों को अपने अन्दर समेट हुए यह न्यूज बुलेटिन आपके हाथों में सौंपते हुय अत्यन्त गर्व और हर्ष से अभिभूत हूँ और साथ ही त्रुटियों के लिये क्षमाप्रार्थी भी।

मैं सम्पादक मण्डल, महाविद्यालय के प्राध्यापकों


**डॉ० अब्दुल लतीफ़**
प्रधान संपादक
मो०: 9219258910
ई–मेल : dr.abdullatif74@gmail.com


## पुरातन छात्र सम्मेलन की बैठक ( 18 मई 2023



कवायद — कालेज के पुरातन छात्रों से विद्यार्थियों को पहुंचेगा लाभ, फिल्म, पत्रकारिता, अधिवक्ता, शिक्षक, डाक्टर, इंजीनियर बनने की राह होगी आसान

### विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए खींचा खाका

संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पुरातन छात्रों की बैठक में कालेज के विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए खाका खींचा गया। कालेज के पुरातन छात्रों से कालेज के विद्यार्थियों को किस प्रकार लाभांवित कराया जा सकता है। इस विषय पर चिंतन-मंथन हुआ। राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय से पास आउट छात्र फिल्म जगत, पत्रकारिता जगत, अधिवक्ता, शिक्षक, डाक्टर और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में चर्चित चेहरे हैं। इससे पहले पुरातन छात्रों की कार्यकारिणी गठित हुई, पुरातन छात्रों की एक मीट शीघ्र ही कालेज में होगी।

पुरातन छात्रों के साथ हुई बैठक में प्राचार्य और प्राध्यापक।

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को पुरातन छात्रों और प्राध्यापकों की बैठक हुई। जिसमें फिलवक्त, कालेज में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को पुरातन छात्रों से किस प्रकार लाभ मिल सकता है इस विषय पर चिंतन-मंथन किया गया। रजा डिग्री कालेज से पास आउट छात्र हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे हैं। उनके अनुभव से छात्र-छात्राओं को लाभ मिल सकता है। कालेज प्राचार्य डा. दीपा अग्रवाल ने कहा कि कोविड-19 के कारण पुरातन छात्रों की बैठक नहीं हुई थी अब शीघ्र ही पुरातन छात्रों की मीट और उसके बाद पुरातन छात्र सम्मेलन होगा जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कर रहे या कर चुके छात्रों को बुलाया जाएगा और वे कालेज के छात्र-छात्राओं को बताएंगे की पथरीले रास्तों से होकर मंजिल तक किस तरह पहुंचे हैं। उनके अनुभव से कालेज के छात्र-छात्राओं की राह आसान हो जाएगी।

**पुरातन छात्रों की कार्यकारिणी गठन**

पुरातन छात्रों की कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमें पदेन प्राचार्य अध्यक्ष, डा. सैयद ऐजाज अली और डा. प्रीति गौतम सेक्रेट्री, डा. जमीला खातून, डा. अभय गुप्ता उपाध्यक्ष बनाए गए हैं कार्यकारिणी का पंजीकरण भी कराया जाएगा।

**बैठक में यह रहे मौजूद**

डा. जागृति ढींगरा, डा. अरशद रिजवी, डा. जमीला खातून, डा. अभय गुप्ता, डा. सीमा तेवतिया, महेंद्र कुमार अरोरा, सुरेंद्र कुमार जौहरी, डा. विनय शर्मा, डा. जहांगीर अहमद खां, बेबी नाज, डा. सुमन लता, डा. अजीता रानी, डा. राजकुमार, डा. राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

- राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पुरातन छात्रों और प्राध्यापकों की हुई बैठक



## बालिका दिवस (24 जनवरी 2023)



दिनांक 24 जनवरी 2023 को महाविद्यालय में 'बालिका दिवस' के अवसर पर ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम महिलाएं विश्व की आधी आबादी हैं लेकिन हमें अशिक्षा, अज्ञानता और जागरूकता की कमी के कारण विभिन्न प्रकार के शोषण एवं समस्याओं का सामना करना पड़ता है इसलिए बालिकाओं का न केवल शिक्षित होना आवश्यक है बल्कि उन्हें सशक्त और जागरूक नागरिक बनने के लिए अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझना होगा। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन उर्दू विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर ईरम नईम द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त माननीय प्राध्यापक गण व छात्र एवं छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

## महाविद्यालय के गौरव





राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर के तीन और शिक्षकों को जनवरी 2023 में उत्तर प्रदेश शासन की ओर से प्रोफेसर पदनाम प्रदान किया गया जिसमें डॉ० दीपा अग्रवाल, डॉ०सहदेव और डॉ० मीनाक्षी गुप्ता को उ.प्र. शासन की ओर से प्रोफेसर पद पर प्रोन्नत किया गया। इससे पहले शासन की ओर से 2022 में महाविद्यालय के तीन प्राध्यापकों को प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति दी जा चुकी है। महाविद्यालय प्राध्यापकों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने बधाई दी।

## रोड सेफ्टी क्लब (18–01–2023)

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा प्राथमिक चिकित्सा पर गोष्ठी आयोजित की गई। जंतु विज्ञान विभाग की असि० प्रोफेसर डॉ० बेबी तबस्सुम द्वारा सड़क दुर्घटना के दौरान चोट लगने पर, घायल होने पर किस प्रकार इलाज किया जाता है और कैसे आपात स्थिति में निर्णय लेकर लोगों की जान बचायी जाये, इस बारे में विधार्थियों को जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि देश भर में हर साल लाखों लोगों की मौत सड़क दुर्घटना में घायल होने पर व ईलाज न मिलने पर हो जाती है। बिना समय गंवाए पुलिस व एंबुलेंस क्रमशः 100 व,109 पर काल करना चाहिए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।





## एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा ऐतिहासिक इमारतों की सफाई (25 जनवरी 2023)

महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा दिनांक 25 जनवरी 2023 को शहर की ऐतिहासिक इमारतों की सफाई की गई। एन.सी.सी. कैडेट्स ने शहर में रैली निकाल कर शहरवासियों को साफ–सफाई का सन्देश दिया। एन.सी.सी. का उद्देश्य लोगों में अनुशासन और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। महाविद्यालय की एन.सी.सी. इकाई ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर एकता का सन्देश देने के लिये रैली निकली एवं स्वच्छता का भी सन्देश दिया। एन.सी.सी प्रभारी डॉ० प्रवेश कुमार सहित महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ भी उपस्थित रहा।













## युवा महोत्सव उमंग (01 से 03 फरवरी 2023)






दिनांक 01 से 03 फरवरी 2023 को महाविद्यालय में तीन दिवसीय युवा महोत्सव 'उमंग' का आयोजन किया गया। दिनांक 01 फरवरी को कार्यक्रम का शुभांरम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय द्वारा आयोजित की जानी वाली गतिविधियाँ से युवाओं में सदाचार, अनुशासन एवं रचनात्मक नेतृत्व शक्ति जैसे गुणों का विकास होता है। प्राचार्य ने सभी छात्र–छात्राओं को इस कार्यक्रम में प्रतिभागिता करने हेतु प्रेरित किया। युवा महोत्सव समापन अवसर पर मुख्य अतिथि नेहरू युवा केन्द्र के अधिकारी माहे आलम जैदी, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ० अभय गुप्ता एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को बैज लगाकर, बुके एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर स्वागत और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में छात्र–छात्राओं को प्रेरणात्मक दृष्टांतों से रूबरु कराकर अपने सपनों को नया आयाम देने को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० अरशद रिजवी एवं डॉ० अब्दुल लतीफ ने किया। तीन दिवसीय युवा महोत्सव में आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहे छात्र/छात्राओं को मुख्य अतिथि ने अपने कर–कमलों से पुरस्कृत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।








**युवा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम**

छात्र-छात्राओं ने स्वरचित कविता पाठ कर खूब बटोरी तालियां, आशु भाषण में विभिन्न मुद्दों पर हुआ मंथन

संवाददाता, रामपुर

पोस्टर प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रभात, आरिका दूसरे और नजमा को तीसरा स्थान

रजा डिग्री कॉलेज


**रजा पीजी कॉलेज के युवा महोत्सव के समापन में प्रतियोगिताओं के विजयी छात्र छात्राओं पुरस्कृत किया**


**युवाओं में सदाचार, अनुशासन एवं नेतृत्व शक्ति जैसे गुणों के विकास के लिए गतिविधियां जरूरी**

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा महोत्सव का दूसरा दिन

शाह टाइम्स संवाददाता



## रोवर्स–रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर (23–27 जनवरी 2023)





राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर की प्राचार्य डॉ दीपा अग्रवाल के निर्देशन में महाविद्यालय का पाँच दिवसीय रोवर्स–रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर दिनांक 23 जनवरी 2023 को प्रारम्भ हुआ। शिविर के प्रथम दिन प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण कर शिविर का शुभांरम्भ किया। दिनांक 23–27 जनवरी 2023 तक आयोजित होने वाले पाँच दिवसीय रोवर्स–रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के पाँचवें दिन दिनांक 27.01.2023 को पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिला संगठन आयुक्त श्रीमती नरवन्त कौर एवं श्री जीतू के निर्देशन में प्रशिक्षुओं द्वारा ध्वज शिष्टाचार (प्रार्थना, ध्वजारोहण, सुविचार आदि) के पश्चात आयोजित शिविर निर्माण एवं पाक कला प्रतियोगिता में रोवर्स–रेंजर्स के समस्त छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।






रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर में पोस्टर-पेंटिंग एवं रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन

पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान अनुशासन, सेवाकार्य एवं विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता के आधार पर कुलदीप सिंह को बेस्ट रोवर, मो० अनस को बेस्ट रोवर लीडर, अनीता को बेस्ट रेंजर तथा छवि को बेस्ट रेंजर लीडर का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत आयोजित किम्स गेम्स, भाषण, पोस्टर, रोल प्ले, लघु नाटक, निबन्ध, प्रश्नोत्तरी, पुष्पगुच्छ, शिविर निर्माण, पाककला आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

पुरस्कार वितरण के पश्चात छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में ऐसे पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि विगत पाँच दिनों में छात्र–छात्राओं ने जो सीखा, उसका उत्कृष्ट प्रदर्शन भी किया, यह इस शिविर की सफलता का प्रमाण है। अन्त में उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छात्र–छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। कार्यक्रम का संयोजन डॉ० रेनू तथा संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ० राजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल के अतिरिक्त महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## अन्तर महाविद्यालीय रोवर्स–रेंजर्स समागम (6–8 फरवरी 2023)










राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रोवर एवं रेंजर इकाई को मिला तृतीय पुरस्कार

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के अन्तर्गत जगदीश सरन हिन्दू पी. जी. कॉलेज, अमरोहा में दिनांक 06 से 08 फरवरी 2023 तक आयोजित 26वें अन्तर महाविद्यालीय रोवर्स–रेंजर्स समागम में राजकीय रजा पी० जी० कॉलेज, रामपुर के स्वामी विवेकानंद रोवर्स क्रू एवं जागृति रेंजर्स टीम ने प्रतिभाग किया। समागम में शिविर–निर्माण, पुल–निर्माण, पोस्टर पेंटिंग, क्विज, किम्स गेम्स, इको रेस्टोरेशन, जीविकोपार्जन, पुल निर्माण, शिविर निर्माण, पायनियरिंग, रोल प्ले, प्राथमिक चिकित्सा, फायर फाइटिंग, कैम्प फायर आदि प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय स्तरीय इस समागम में महाविद्यालय की स्वामी विवेकानंद रोवर इकाई ने तृतीय तथा जागृति रेंजर टीम ने भी तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल ने समस्त प्रतिभागी छात्र–छात्राओं तथा रोवर्स–रेंजर्स लीडर को बधाई दी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन (8 फरवरी 2023)


छात्र–छात्राओं ने रैली निकालकर कौशल विकास के प्रति किया जागरूक

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय का एनएसएस का एक दिवसीय शिविर




राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा तृतीय एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इसमें एन.एस.एस. के स्वयं सेवकों द्वारा रैली निकाली गई व कौशल विकास मिशन पर गोष्ठी आयोजित की गई। रैली का शुभांरम्भ प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल द्वारा किया गया। रैली महाविद्यालय से चलकर सैजनी नानकार गाँव तक निकाली गई। रैली में कार्यक्रम अधिकारियों सहित सैकड़ो छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

## शाहबाज ने जीता मिस्टर रामपुर का खिताब (9 फरवरी 2023)


बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में रजा डिग्री कॉलेज के छात्र शाहबाज ने जीता मिस्टर रामपुर का खिताब



बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर के बी. कॉम के छात्र शाहबाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं मिस्टर रामपुर का खिताब हासिल करके गोल्ड मेडल प्राप्त किया। रामपुर मे आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के सभी जिले के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता रामपुर बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं सभी प्राध्यापकों ने शाहबाज की इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## समझौता ज्ञापन (Memorandum of Understanding

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर ने शिक्षण संस्थानों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से दोनो संस्थानों के बीच शिक्षण तथा अधिगमन में नये प्रयोग करने, एक दूसरे के फैकेल्टी तथा छात्रों को आधिकारिक विजिट पर बुलाने, शोध, प्रोजेक्ट कार्य तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने तथा नैक मूल्यांकन हेतु परस्पर विशेषज्ञता का आदान–प्रदान करने के लिये निम्न संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन किया है –

1. सुन्दर लाल इण्टर कॉलेज, रामपुर के साथ 18 जनवरी 2023 को समझौता ज्ञापन।
2. गोकुल दास हिन्दू गर्ल्स कॉलेज, मुरादाबाद रामपुर के साथ 02 फरवरी 2023 को समझौता ज्ञापन।
3. उ.प्र. प्रदूषण नियत्रंण कन्ट्रेल बोर्ड, लखनऊ रामपुर के साथ 04 फरवरी 2023 को समझौता ज्ञापन।

## राष्ट्रीय महिला दिवस (दिनांक 13 फरवरी 2023)



13 फरवरी 2023 को महाविद्यालय में सरोजिनी नायडू जी के जन्म दिवस को '' "राष्ट्रीय महिला दिवस '' के रूप मनाया गया। सरोजिनी नायडू जी के जीवन एवं कार्यो पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अंग्रेजी विभाग की डॉ० दीक्षा ने सरोजिनी नायडू जी के बारे बताया कि वह एक राजनैतिक कार्यकर्ता एवं कवयित्री थी। नागरिक अधिकारों, महिलाओं की मुक्ति और साम्राज्यावाद विरोधी विचारों की समर्थक थी। विशिष्ट वक्ता अंगेजी विभाग की डॉ. रेनू ने उनके बारे में कहा की वह औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष में एक महत्वपूर्ण भूमिका रहीं। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष थी और आजादी के बाद उत्तर प्रदेश की पहली महिला राज्यपाल बनी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त माननीय प्राध्यापकगण, छात्र एवं छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

## अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च 2023)

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में दिनांक 8 मार्च 2023 को ''अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस '' के रूप मनाया गया। इस अवसर पर जन्तु विज्ञान विभाग की प्रभारी एवं कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ० जागृति मदान धींगरा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विशेष रूप से महिलाओं की उपलब्धिओं का जश्न मनाता हैं और लैंगिक असमानता के बारे में जागरूकता बढ़ाता हैं। इस दिन को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक, और राजनैतिक उपलब्धिओं के उपलक्ष्य में उत्सव के रूप में मनाया जाता हैं। कार्यक्रम की विशिष्ट वक्ता एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० दीपा अग्रवाल ने कहा कि यह दिन लैंगिक समानता, महिलाओं के समान अधिकार, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और दुर्व्यवहार और प्रजनन अधिकारों जैसे जरूरी विषयों पर केंद्रित हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ० रेनू ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ० निधि गुप्ता जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सम्मानित प्राध्यापकगण व छात्र एवं छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही।



## हिन्दी परिषद् के अन्तर्गत भाषाण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता ( 16 मार्च 2023





राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर, हिन्दी परिषद के तत्वावधान में दिनांक 16 मार्च 2023 को भाषाण एवं कविता–पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल ने कहा कि साहित्य और समाज परस्पर आश्रित हैं। एक के बिना दूसरे का पूर्ण विकास असम्भव है। उन्होंने कहा कि अपने अनुभव और ज्ञान की समृद्धि के लिए साहित्य का अध्ययन प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम के आयोजक एवं हिन्दी विभाग के प्रभारी डॉ० अरुण कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि साहित्य समाज की प्रवृत्तियों की उपज है। साहित्य में समकालीन सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, एवं सांस्कृतिक विशेषताएं परिलक्षित होती हैं। साहित्य से ही समाज में मूल्यों का विकास होता है।

'साहित्य एवं समाज का अन्तर्सम्बन्ध' विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में शुएब अली ने प्रथम, नरेश कुमार ने द्वितीय तथा अनामिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता– पाठ में रागिनी अग्रवाल ने प्रथम, सैयदा ने द्वितीय तथा इरशाद एवं याचना रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ० राजेश कुमार तथा संचालन डॉ० अब्दुल लतीफ ने किया। इस अवसर पर डॉ० जागृति मदान ढींगरा, डॉ० ज़ेबी नाज़, डॉ० जहाँगीर अहमद, डॉ० राजीव पाल, डॉ० रेनू, डॉ० राजू, डॉ० नासिर, डॉ० दीक्षा आदि प्राध्यापक सहित सैकड़ो छात्र/छात्राए उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर (दिन–रात) दिनांक 10 मार्च से 16 मार्च 2023










महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 10 मार्च 2023 से 16 मार्च 2023 तक कम्पोजिट विद्यालय ग्राम पैगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ० सै० एज़ाज अली, प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल व अन्य प्राध्यापकों ने दीप प्रज्वलन द्वारा किया। अतिथियों का स्वागत माला व पुष्प गुच्छ के साथ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ० सै० एज़ाज अली ने अपने सम्बोधन में कहा कि सीखने की लालसा रखनी चाहिए। अपने आस पास स्वच्छता रखनी चाहिए, आजादी का गलत प्रयोग नहीं करना चाहिए, इसके साथ ही ग्रामीण जीवन के बारे में बताया। यह भी कहा कि हमें जल का सद्पयोग करना चाहिए। सोनम, राखी, सुमन कुमारी,शीतल सैनी व रिंकी द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की गई। उसके बाद स्वागत गीत गाया। राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत भी उक्त छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। डॉ० जागृति मदान ने एन. एस. एस. के उद्देश्य के बारे में बताया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ० मीनाक्षी गुप्ता एवं डॉ० अब्दुल लतीफ ने कहा कि स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा का अवसर मिला हैं, अतः सभी को देश की सेवा में समर्पित रहकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० ब्रहम सिंह द्वारा मंच का संचालन किया गया, स्वयंसेवक अनस द्वारा ग्रामीण परिवेश पर विचार व्यक्त किए गए व गुडडू कुमार ने ग्रामीणों की जागरुकता पर विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० ब्रहम सिंह, डॉ० राजकुमार, डॉ० निधि गुप्ता, डॉ० नरेश कुमार ने कार्यक्रम को बड़े ही सुनियोजित ढंग से सम्पन्न कराने में अहम भूमिका प्रदान की। सात दिवसीय विशेष शिविर में छात्र/छात्राओं का मनोबल बढ़ाने हेतु महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक समय–समय पर शिविर में पहुँचते रहें।

## वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता (17 मार्च से 18 मार्च 2023)







राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभांरम्भ प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल एवं कार्यक्रय के मुख्य अतिथि महिला डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो० अतुल शर्मा, फिजिकल कॉलेज के प्रवक्ता डॉ० अनूप कुमार सिंह, जावेद खान ने सुंयक्त रूप में दीप प्रज्वलित एवं आसमान में गुब्बारे छोड़कर किया। प्रथम दिन महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ दीपा ने जीती। तहमीना ने द्वितीय स्थान व तृतीय स्थान मुस्कान ने हासिल किया। 200 मीटर दौड़ में भी प्रथम स्थान पर दीपा रहीं द्वितीय स्थान पर तहमीना एवं तृतीय स्थान मुस्कान ने रही। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान मुकेश कुमार, द्वितीय स्थान शाहनवाज और तृतीय स्थान निक्की सागर ने हासिल किया। 800 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान मुकेश कुमार द्वितीय स्थान ओमवीर सिंह व तृतीय स्थान राहुल कुमार ने हासिल किया। महिला वर्ग में जैवलिन थ्रो में प्रथम स्थान तहमीना, द्वितीय स्थान ममता गंगवार व तृतीय स्थान निशा ने हासिल किया। जैवलिन थ्रो पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान मनोज कुमार, द्वितीय स्थान विकास कुमार व तृतीय स्थान राहुल कुमार ने प्राप्त किया। क्रीड़ा प्रतियोगिता के अन्तिम दिन विजयी छात्र/छात्राओं को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन पर क्रीड़ा प्रभारी डॉ० प्रदीप कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।



**100 में दीपा, 200 मीटर दौड़ में विकास कुमार अव्वल**

**जैवलिन थ्रो में तहमीना और मनोज कुमार रहे विजेता, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय का वार्षिक क्रीड़ा समारोह**

वार्षिक क्रीड़ा समारोह में दौड़ लगाते प्रतिभागी। ● अमृत विचार

विजयी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

**800 मीटर दौड़**
मुकेश कुमार, प्रथम
ओमवीर सिंह, द्वितीय
राहुल कुमार, तृतीय

**महिला वर्ग, जैवलिन थ्रो-**
तहमीना, प्रथम
ममता गंगवार, द्वितीय
निशा, तृतीय

**पुरुष वर्ग, जैवलिन थ्रो**
मनोज कुमार, प्रथम
विकास कुमार, द्वितीय
राहुल कुमार, तृतीय

**क्रीड़ा समारोह के पहले दिन यह रहे विजयी खिलाड़ी**

**पुरुष वर्ग- 200 मीटर दौड़**
विकास कुमार - प्रथम
मुकेश कुमार, द्वितीय
शाहनवाज, तृतीय

**400 मीटर दौड़**
मुकेश कुमार, प्रथम
शाहनवाज, द्वितीय
निक्की सागर, तृतीय



**फर्राटा दौड़ में दीपा ने हासिल किया पहला स्थान, तहमीना रहीं रनर**

- राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाए जौहर
- खेल भावना से सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने को उत्साहित किया

**प्रथम दिवस आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहे खिलाड़ी**



**दौड़ प्रतियोगिता में छाए दीपा और मुकेश**

रामपुर,संवाददाता। राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हो गई।

रजा कालेज के मैदान में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ महिला डिग्री कालेज के प्राचार्य अतुल शर्मा, फिजिकल कालेज के प्रवक्ता डा. अनूप कुमार सिंह, जावेद ख़ान व प्राचार्य डा. दीपा अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ दीपा ने जीती। द्वितीय स्थान तहमीना व तृतीय स्थान मुस्कान ने हासिल किया। 200 मीटर दौड़ में भी प्रथम स्थान दीपा ने हासिल किया। द्वितीय स्थान मुस्कान और तृतीय स्थान तहमीना ने हासिल किया। 400 मीटर दौड़ महिला प्रथम स्थान दीपा ने हासिल किया। द्वितीय स्थान निशा और तृतीय स्थान तहमीना ने हासिल किया। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान मुकेश कुमार, द्वितीय स्थान शाहनवाज और तृतीय स्थान निक्की सागर ने हासिल किया। 200 मीटर दौड़ प्रथम में प्रथम स्थान विकास कुमार, द्वितीय स्थान मुकेश कुमार व तृतीय स्थान शाहनवाज ने हासिल किया। 800 मीटर दौड़ पुरुष में प्रथम स्थान मुकेश कुमार, द्वितीय स्थान ओमवीर सिंह तृतीय स्थान राहुल कुमारने हासिल किया। जैवलिन थ्रो महिला में प्रथम स्थान तहमीना, द्वितीय स्थान ममता गंगवार, तृतीय स्थान निशा ने हासिल किया। जैवलिन थ्रो पुरुष में प्रथम स्थान मनोज कुमार, द्वितीय विकास कुमार एवं तृतीय स्थान राहुल कुमार ने प्राप्त किया। क्रीड़ा प्रभारी डा. प्रदीप कुमार ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन डा. सैयद अरशद रिज़वी, डा. राजेश कुमार एवं वंदना शर्मा ने किया।

क्रीड़ा प्रतियोगिता के दौरान कार्यक्रम को संबोधित करती प्राचार्या दीपा अग्रवाल

## अन्तरराष्ट्रीय परिवार दिवस (15 मई 2023)

शासन के पत्र संख्या –भा0 स0 27/ सत्तर–3–2021 एवं विश्वविद्यालय के पत्र संख्या **MJPRU/UGC/2021/377-379** के अनुपालन में दिनांक–15 मई 2023 को महाविद्यालय में **'अन्तरराष्ट्रीय परिवार दिवस'** के रूप मनाया गया। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ० आकांक्षा देवी ने व्यक्ति और समाज के विकास में परिवार की भूमिका के बारे में अपने विचार व्यक्त किए और बताया कि प्रत्येक व्यक्ति परिवार रूपी संस्था का एक अभिन्न अंग होता है। परिवार में सभी व्यक्तियों को पारिवारिक मूल्य बनाए रखने की कोशिश करनी चाहिए तथा अपने परिवार के बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। जब हम घर से बाहर होते हैं तो परिवार का मानसिक समर्थन ही व्यक्ति को कार्यक्षेत्र में उत्तरोत्तर विकास के लिए अभिप्रेरित करता है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण व छात्र एवं छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही।




## वार्षिकोत्सव एंव अलंकरण समारोह (18 मई 2023)



18 मई 2023 को राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ० मुमताज़ अर्शी, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ० माधुरी रस्तोगी एवं डॉ० अभय गुप्ता एवं प्राचार्य प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल के कर–कमलों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ वार्षिक अलंकरण समारोह का उद्घाटन हुआ। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल ने कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, मीडियाबन्धु, छात्र/छात्राओं और उपस्थित शिक्षकों का स्वागत किया। वार्षिक अलंकरण समारोह में स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिये छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर महाद्यिालय के वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के छात्र चैम्पियन मुकेश कुमार एवं छात्रा चैम्पियन दीपा को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। बी०एड० अन्तिम वर्ष की छात्रा विवेचना सागर को विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिये महाविद्यालय की ओर से ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की वार्षिक आख्या सह–समारोह डॉ० अब्दुल लतीफ द्वारा पढ़ी गई जिसमें महाविद्यालय की सत्र भर की उपलब्धियों को बताया गया। कार्यक्रम का संचालन समारोहक डॉ० सै० अरशद रिज़वी द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापित कार्यक्रम की समन्वयक डॉ० जागृति मदान द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।
















रजा महाविद्यालय में वार्षिक अलंकरण समारोह का आयोजन


राजकीय रज़ा डिग्री कालेज की छात्रा ने UGC NET में 99.30% अंक प्राप्त कर किया जिले का नाम रोशन




रा० रजा पीजी कालेज में वार्षिक अलंकरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया


राजकीय रजा डिग्री कालेज में हुआ वार्षिक अलंकरण समारोह का रंगारंग आयोजन

## राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन (21 मई 2023)




21 मई 2023 को महाविद्यालय में आई.क्यू.ए.सी. के तत्वावधान में **"जलवायु परिवर्तन, G-20 अवसर और चुनौतियाँ"** विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जी. बी. पंत कृषि एवं प्रौधोगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के प्रो० वीर सिंह, प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो० वीर सिंह ने जलवायु परिवर्तन विषय पर अत्यन्त सूक्ष्मता से प्रकृति को दूषित करने वाले कारकों को चिन्हित कर पर्यावरण पर उसके विषम दूरगामी प्रभाव को गहनता से विश्लेषित किया साथ ही उन महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी विचार किया गया जो भूमण्डल को प्रदूषण रहित बनाने के लिये आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि बरेली कॉलेज बरेली के प्रो० राजेन्द्र सिंह ने **"क्लाइमैट चेंज, नेचुरल डिजास्टर एंड लॉस आफ बायोडायवर्सिटी"** के विषय पर ज्वलंत जलवायु परिवर्तन से सम्बन्धित अहम बिन्दुओं से रूबरु कराया। रज़ा कॉलेज के पूर्व एसो० प्रोफेसर डॉ० ए. के. सक्सेना ने कहा कि मनुष्य ने अपने सुख सुविधा, सम्पन्नता, समृद्धि और ऐश्वर्य को प्रदर्शित करने के लिये पर्यावरण का बड़ी निर्ममता से दोहन कर रहा है, जिसके कारण विश्व के समक्ष जलवायु परिवर्तन एवं ग्लोबल वर्मिंग का संकट खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय संगोष्ठी में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में आयोजन सचिव डॉ० बेबी तबस्सुम ने सभी अतिथियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।


सेमिनार में जलवायु परिवर्तन पर वैज्ञानिकों ने जताई चिंता


रज़ा पीजी कालेज में जलवायु परिवर्तन एवं G-20 अवसर और चुनौतियाँ पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजन


रज़ा डिग्री कालेज में जलवायु परिवर्तन एवं G-20-अवसर और चुनौतियाँ विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन




संरक्षक
प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल
प्राचार्य

प्रधान सम्पादक
डॉ० अब्दुल लतीफ़

सम्पादक मण्डल
डॉ० सीमा तेवातिया, डॉ० प्रशान्त द्विवेदी,
डॉ० ज़ेबी नाज़, डॉ० राजकुमार, डॉ साक्षी त्यागी,
डॉ० शाहिदा परवीन, डॉ० शकील अहमद